Number of Pages in Booklet: 12
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 12
Number of Questions is Booklet :100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक **300088**

# Admission Test for PG Course

# URATPG - 2023

## SANSKRIT

**Subject Code / विषय कोड – 30**

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..........

OMR Serial Number / ओ. एम. आर. क्रमांक : ..........

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..........

Date of Examination / परीक्षा तिथि : ..........

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : ..........

**Time/समय : Two Hours/ दो घण्टे** **Maximum Marks/पूर्णांक : 100**

### INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 01 to serial no.100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR sheets using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, the English version shall be considered correct.

### निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 01 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश : (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ. एम. आर. शीट पर **नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं हैं।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध हैं। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियों को ओ. एम. आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ. एम. आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. यदि प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जायेगा।

रफ कार्य

1. लोट् लकार विधायक सूत्र है –

(अ) लोटो लङ्वत्

(ब) आनि लोट्

(स) लोट् च्

(द) लोट्

2. रुधादिगण में 'शप्' के स्थान पर होता है –

(अ) उ (ब) श्नम्

(स) श (द) श्ना

3. एध् धातु का विधिलिङ्ग लकार उत्तम पुरुष एकवचन का रूप है –

(अ) एधेत

(ब) एधै

(स) एधस्व

(द) एधेय

4. 'यथार्थ अनुभव' कितने प्रकार का होता है?

(अ) 4 (ब) 5

(स) 3 (द) 2

5. तुरी, वेमा आदि 'पट' के कौनसे कारण हैं?

(अ) समवायि कारण

(ब) असमवायि कारण

(स) निमित्त कारण

(द) अतिदेश कारण

6. संज्ञा – संज्ञि सम्बन्ध के ज्ञान को कहते हैं –

(अ) प्रत्यक्ष

(ब) अनुभिति

(स) उपभिति

(द) शाब्द

7. 'बुद्धिनाशात् प्रणस्यति' – उक्ति में मनुष्य के विनाश क्रम में क्या नहीं है?

(अ) क्रोध

(ब) भावना

(स) संमोह

(द) स्मृति विभ्रम

8. 'निद्रा को जीतने वाला' – अर्थ किस पद का है?

(अ) पार्थ

(ब) परन्तप

(स) भारत

(द) गुडाकेशः

9. सभी पापों से (सर्वकिल्बिषैः) कौन छूट जाते हैं?

(अ) यज्ञशिष्टाशिनः

(ब) यज्ञकर्तारः

(स) कार्यकर्तारः

(द) योजकः

10. भगवान् श्रीकृष्ण ने कर्मयोग का उपदेश सर्वप्रथम किसे दिया था?

(अ) विवस्वान

(ब) भीष्म

(स) अर्जुन

(द) वेद व्यास

11. सम्पूर्ण कर्मों को भस्मसात् कौन करता है?

(अ) तप – अग्नि

(ब) योग – अग्नि

(स) ज्ञान – अग्नि

(द) कर्म – अग्नि

12. रघुवंश षष्ठ सर्ग का नाम है –

(अ) रघु वर्णन

(ब) इन्दुमति स्वयंवर वर्णन

(स) राम जन्म वर्णन

(द) राम राज्याभिषेक वर्णन

13. '......... अविनयो हन्ति जश रूपमिवोत्तमम्' – में रिक्त स्थान में पद है –

(अ) राज्यं

(ब) धनं

(स) पदं

(द) श्रियं

14. विदुरनीति के अनुसार धर्म की रक्षा किससे होती है?

(अ) सत्य

(ब) योग

(स) मृजया

(द) वृत्त

15. दण्डकारण्य में भगवान राम ने किस राक्षस को मारा?

(अ) मारीच

(ब) खर

(स) विराध

(द) त्रिशिरा

16. भगवान राम ने अयोध्या में कितने वर्ष शासन किया?

(अ) 10000 वर्ष

(ब) 11000 वर्ष

(स) 1000 वर्ष

(द) 500 वर्ष

17. स्कन्द पुराण में भारतवर्ष का नाम क्या है?

(अ) आर्षभवर्ष

(ब) हैमवतवर्ष

(स) आर्यावर्तवर्ष

(द) नाभिवर्ष

18. 'हिन्द' पद का सर्वप्रथम प्रयोग किस ग्रन्थ में किया गया?

(अ) दसातीर

(ब) गीता

(स) वेद

(द) बाईबल

19. 'स्वप्नवासवदत्तम्' में विदूषक का नाम था –

(अ) माढव्य

(ब) रैवतक

(स) वसन्तक

(द) वैतानिक

20. 'स्वप्नवासवदत्तम्' – में स्वप्न का संबंध किस अङ्क से है?

(अ) द्वितीय

(ब) पंचम

(स) तृतीय

(द) चतुर्थ

21. 'अज्ञातवासोऽप्यत्र बहुगुणः सम्पद्यते' – कथन किसका है?

(अ) मदनिका

(ब) चेटी

(स) पद्मावती

(द) वासवदत्ता

22. रघुवंश प्रथम सर्ग में मुख्य छंद है –

(अ) अनुष्टुप्

(ब) वंशस्थ

(स) आर्या

(द) इन्द्रवज्रा

23. सुदक्षिणा कौनसे वंश की राजकुमारी थी?

(अ) अवन्ति

(ब) गान्धार

(स) मगध

(द) वत्स

24. महर्षि वसिष्ठ की पत्नी थी

(अ) सुलक्षणा

(ब) अरुंधती

(स) अहिल्या

(द) शतरूपा

25. चोर को कौनसा धन नहीं दिखाई देता है?

(अ) योग (ब) स्वर्ण

(स) सत्य (द) विद्या

26. मनुष्य का कौनसा सर्वश्रेष्ठ आभूषण है, जो नष्ट नहीं होता

(अ) वाक् (ब) तप

(स) दान (द) धन

27. विपत्ति में क्या सहायक होता है?

(अ) क्षमा

(ब) वाक्पटुता

(स) धैर्य

(द) पराक्रम

28. 'अन्तरा' के योग में विभक्ति होती है –

(अ) तृतीया

(ब) द्वितीया

(स) पंचमी

(द) चतुर्थी

29. 'साधु–असाधु' पदों के प्रयोग में विभक्ति होती है –

(अ) षष्ठी

(ब) पंचमी

(स) द्वितीया

(द) सप्तमी

30. 'प्रमाद' और उसके समानार्थक शब्दों के योग में विभक्ति होती है–

(अ) पञ्चमी

(ब) सप्तमी

(स) षष्ठी

(द) चतुर्थी

31. निम्न में से प्राग्जन्म संस्कार नहीं है –

(अ) पुंसवन

(ब) गर्भाधान

(स) जातकर्म

(द) सीमन्तोन्नयन

32. निम्न में प्राचीन विश्वविद्यालय नहीं है –

(अ) तक्षशिला

(ब) सौराष्ट्र

(स) नालन्दा

(द) वलभी

33. '........ द्रविणादानात्' – कथन में धन लेकर कन्या देना कौनसा विवाह है?

(अ) गान्धर्व

(ब) पैशाच

(स) आसुर

(द) राक्षस

34. 'अतिथि–सत्कार' से सम्बद्ध महायज्ञ है –

(अ) नृयज्ञ

(ब) दैवयज्ञ

(स) भूतयज्ञ

(द) ब्रह्मयज्ञ

35. सभी आश्रमों का आधार है –

(अ) संन्यास

(ब) वानप्रस्थ

(स) गृहस्थ

(द) ब्रह्मचर्य

36. 'न बाधतेऽस्य त्रिगणः परस्परम्' – में रेखांकित पद से तात्पर्य है

(अ) धर्म, अर्थ, काम

(ब) साम, दाम, दण्ड

(स) यज्ञ, अध्ययन, दान

(द) सत्व, रज, तम

37. 'व्रजन्ति ते मूढधियः पराभवं' – कथन है

(अ) युधिष्ठिर

(ब) वनेचर

(स) द्रोपदी

(द) दुर्योधन

38. शत्रुओं से पराजित होने पर भी उत्सव मनाते है

(अ) दंभी

(ब) स्वाभिमानी

(स) दानी

(द) कपटी

39. 'लघुसिद्धान्त कौमुदी' के रचयिता है –

(अ) श्याम शर्मा

(ब) पाणिनी

(स) भट्टोजिदीक्षित

(द) वरदराज

40. निम्न में से कौनसा 'सूत्र' का प्रकार (भेद) नहीं है?

(अ) एकदेश सूत्र

(ब) विधि सूत्र

(स) नियम सूत्र

(द) परिभाषा सूत्र

41. बाह्य प्रयत्न कितने प्रकार का होता है?

(अ) सप्त

(ब) पञ्च

(स) एकादश

(द) द्वादश

42. 'सु ध् य् + उपास्यः' स्थिति में 'ध्' को द्वित्व करने वाला सूत्र है –

(अ) तस्मिन्निति निर्दिष्टे पूर्वस्य

(ब) अनचि च

(स) अलोऽन्त्यस्य

(द) झलां जश् झशि

43. 'तोःषि' – सूत्र का उदाहरण है

(अ) तन्मात्रम्

(ब) चिन्मयम्

(स) एतन्मुरारिः

(द) सन्षष्ठः

44. 'तोर्लि' सूत्र से होता है

(अ) पर सवर्ण

(ब) पूर्व सवर्ण

(स) लोप

(द) अनुनासिक

45. निम्न में से किसकी 'गुण' संज्ञा नहीं है –

(अ) ए (ब) अ

(स) आ (द) ओ

46. 'पुना रमते' कौनसी संधि का उदाहरण है?

(अ) अच्

(ब) विसर्ग

(स) हल्

(द) अयादि

47. 'पौ+अकः' – स्थिति में सूत्र प्रयुक्त होता है –

(अ) वान्तो यि प्रत्यये

(ब) आद्गुणः

(स) वृद्धि रे चि

(द) एवोऽयवायावः

48. दा + यत्' – से पद सिद्धि होती है –

(अ) देयम्

(ब) दायम्

(स) देत्यम्

(द) दायात्

49. 'शिष्य:' – पद में सन्धि – विच्छेद है –

(अ) शिस् + यत्

(ब) शास् + यत्

(स) शास् + क्यप्

(द) शिष् + क्यप्

50. 'कार्यम्' – पद में प्रत्यय होता है –

(अ) यत् (ब) ण्यत्

(स) क्यप् (द) ल्यप्

51. छिन्न: पद का सन्धि विच्छेद है –

(अ) छित् + न

(ब) छिन् + न:

(स) छिन् + क्त

(द) छिद् + क्त

52. 'पठमान:' पद में प्रत्यय है –

(अ) शानच्

(ब) कानच्

(स) मात्रच्

(द) क

53. उपसर्ग पूर्वक धातु होने पर 'क्त्वा' प्रत्यय के स्थान पर होता है–

(अ) क्यप्

(ब) ण्यत्

(स) ल्यप्

(द) यत्

54. कठोपनिषद् के अनुसार मनुष्य किससे तृप्त नहीं होता है –

(अ) यश से

(ब) धन से

(स) बल से

(द) विद्या से

55. 'त्रिकर्मकृत् तरति जन्ममृत्यू' – मंत्र में त्रिकर्म में निम्नलिखित में कौनसा नहीं है?

(अ) यज्ञ

(ब) अध्ययन

(स) दान

(द) जप

56. निम्न में से यमराज का नाम नहीं है –

(अ) आरूणि

(ब) वैवस्वत

(स) यम

(द) मृत्यु

57. 'न हि सुज्ञेयमणुरेष धर्म:' – मंत्र में अणु – धर्म है –

(अ) अग्नि विद्या

(ब) स्वर्ग विद्या

(स) आत्मज्ञान

(द) यज्ञज्ञान

58. शुकनास के अनुसार अनर्थ की परम्परा में निम्न में, क्या नहीं है?

(अ) गर्भेश्वरत्व

(ब) अलौकिकविद्या

(स) अमानुषशक्ति

(द) अभिनवयौवन

59. निम्न में से समुद्र--मन्थन से उत्पन्न लक्ष्मी के साथ क्या नहीं निकला

(अ) उच्चैश्रवा–अश्व

(ब) पारिजात–वृक्ष

(स) कालकूट–विष

(द) पाञ्चजन्य–शंख

60. लक्ष्मी, शूरवीर व्यक्ति को किस के समान हटा देती है?

(अ) कांटे के समान

(ब) पापी के समान

(स) दुस्वप्न के समान

(द) सर्प के समान

61. मनुष्य के सभी मलों (दोषों) को प्रक्षालन करने में समर्थ कौन है?

(अ) लक्ष्मी

(ब) युवावस्था

(स) गुरूपदेश

(द) नित्यस्नान

62. लक्ष्मी ने भगवान विष्णु का आश्रय क्यों लिया?

(अ) ऐश्वर्य–प्राप्ति

(ब) विश्वरूपत्व–प्राप्ति

(स) यश–प्राप्ति

(द) धर्म–प्राप्ति

63. 'आरूढ़ प्रताप' राजा कैसा होता है?

(अ) राज्य प्राप्तिकः

(ब) धर्मरक्षकः

(स) फलादेशः

(द) सिद्धादेशः

64. निम्न में से ऋग्वेद का ब्राह्मण – ग्रन्थ है

(अ) एतरेय

(ब) शतपथ

(स) षड्विंश

(द) गोपथ

65. कौथुमी शाखा, किस वेद से सम्बद्ध है –

(अ) ऋग्वेद

(ब) यजुर्वेद

(स) सामवेद

(द) अथर्ववेद

66. भूमिसूक्त किस संहिता में है?

(अ) यजुः संहिता

(ब) अथर्व संहिता

(स) साम संहिता

(द) ऋक् संहिता

67. ऋग्वेद की कितनी शाखाएं हैं

(अ) तीन

(ब) सात

(स) छः

(द) पांच

68. 'विश्ववाह्' शब्द का द्वितीया बहुवचन का रूप है

(अ) विश्वौहः

(ब) विश्वौहे

(स) विश्वौहोः

(द) विश्ववाट्

69. 'वारि' पद का प्रथमा बहुवचन का रूप है–

(अ) वारिणी

(ब) वारिणः

(स) वारीणि

(द) वारिणा

70. 'न ङि सम्बुद्धयोः' – सूत्र का उदाहरण है –

(अ) राज्ञः

(ब) हे राजन्।

(स) राज्ञोः

(द) हे राजानः।

71. 'राम+अस्' (जस्) स्थिति में वृद्धि करने वाला सूत्र है –

(अ) तद्धितेष्वचामादेः

(ब) वृद्धिरादैच्च

(स) वृद्धिरेचि

(द) प्रथमयोः पूर्वसवर्णः

72. 'सर्व+जस्' स्थिति में 'जस्' के स्थान पर आदेश होता है–

(अ) शि (ब) शी

(स) य (द) ना

73. 'आङि चापः' – सूत्र का उदाहरण है –

(अ) रमायाः

(ब) रमे

(स) रमया

(द) रमाः

74. सम्प्रसारण संज्ञा किस सूत्र से होती है?

(अ) सम्प्रसारणाच्च

(ब) इग्यणः सम्प्रसारणम्

(स) न सम्प्रसारणे सम्प्रसारणम्

(द) कृत्तद्धितसमासाश्च

75. 'राजन्' शब्द के षष्ठी, द्विवचन का रूप है

(अ) राजसु

(ब) राज्ञाम्

(स) राज्ञः

(द) राज्ञोः

76. शकुन्तला की अंगूठी किस तीर्थ पर जल में गिर गई थी?

(अ) शचीतीर्थ

(ब) सोमतीर्थ

(स) दैवतीर्थ

(द) भृगुतीर्थ

77. दुष्यन्त किस वंश से सम्बन्धित है?

(अ) रघुवंश

(ब) भरतवंश

(स) पुरुवंश

(द) कुरुवंश

78. कण्व का आश्रम किस नदी के तट पर था?

(अ) गङ्गा

(ब) मालिनी

(स) रेवा

(द) क्षिप्रा

79. अनुसूया ने शकुन्तला के श्रृंगार के लिए कौनसी माला सुरक्षित रखी?

(अ) चम्पामालिका

(ब) बकुलमालिका

(स) मालतीमालिका

(द) केसरमालिका

80. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में प्रयुक्त 'आत्मगतम्' पद का अर्थ है–

(अ) स्वयं से

(ब) आत्मा में रत

(स) आत्मा की गति

(द) इनमें से कोई नहीं

81. दुष्यन्त का पुरोहित था

(अ) देवरात

(ब) भृगुरात

(स) सोमरात

(द) मारीच

82. अभिज्ञानशाकुन्तलम् में मातलि था–

(अ) सूतपुत्र

(ब) इन्द्र का सारथी

(स) शिष्य

(द) प्रतिहारी

83. किस छन्द में 6 तथा 11 वर्णों पर यति है?

(अ) मन्दाक्रान्ता

(ब) वसन्ततिलका

(स) द्रुतविलम्बित

(द) शिखरिणी

84. 'रम्याणि वीक्ष्य मधुरांश्च निशम्य शब्दान्' – में छन्द है–

(अ) वसन्त तिलका

(ब) उपजाति

(स) शिखरिणी

(द) मन्दाक्रान्ता

85. 'या सृष्टिः स्रष्टुराद्या वहति विधिहुतं या हविर्या च होत्री' – में छंद है

(अ) भुजंगप्रयात

(ब) शार्दूलविक्रीडित

(स) स्रग्धरा

(द) वसन्ततिलका

86. 'प्रतिकूलतामुपगते हि <u>विधौ</u>' – में रेखांकित पद में अलंकार है –

(अ) अनुप्रास

(ब) श्लेष

(स) यमक

(द) उपमा

87. 'उपमानाद्यदन्यस्य........ स एव सः' – में रिक्त स्थान में है

(अ) तुल्ययोगिता

(ब) संदेहः

(स) दीपकः

(द) व्यतिरेकः

88. रामायण का प्रधान रस और रीति कौनसे हैं

(अ) करुण रस, वैदर्भी रीति

(ब) वीर रस्, वैदर्भी रीति

(स) करुण रस, पांचाली रीति

(द) पीररस, पांचाली रीति

89. महाभारत में प्राप्त पञ्चरत्नों में से निम्न में कौनसा ग्रन्थ नहीं है –

(अ) गजेन्द्रमोक्ष

(ब) विष्णुसहस्त्रनाम

(स) आदित्यहृदयस्तोत्र

(द) भीष्मराजस्तव

90. 'लेनिनामृतम्' ग्रन्थ के लेखक है

(अ) पं0 सूर्यनारायण शास्त्री

(ब) पद्म शास्त्री

(स) मधुसूदन ओझा

(द) मथुरानाथ शास्त्री

91. पं० गणेशराम शर्मा की प्रसिद्ध कृति है

(अ) चिमनीचरित्रम्

(ब) आत्मवेदना

(स) पञ्चामृतम्

(द) संस्कृत कथा कुञ्जम्

92. 'साहित्यभूषण' तथा 'व्याख्यानवाचस्पति'– उपाधियां किस विद्वान् की है?

(अ) पं0 सूर्यनारायण शास्त्री

(ब) पं0 मधुसूदन ओझा

(स) भट्ट मथुरानाथ शास्त्री

(द) पं0 गणेशराम शर्मा

93. पण्डितराज जगन्नाथ की कीर्ति का मूल आधार ग्रन्थ (कृति) है–

(अ) मनोरमाटीका

(ब) गङ्गाशतकम्

(स) भामिनी विलास

(द) कृत्यमहार्णव

94. निम्न में से महाकवि अश्वघोष की रचना नहीं है–

(अ) शारिपुत्र प्रकरण

(ब) त्रिपिटक

(स) सौन्दरनन्द

(द) बुद्धचरतिम्

95. 'किरातर्जुनीयम्' का कथानक महाभारत के कौन से पर्व से लिया गया है–

(अ) आदिपर्व

(ब) शांतिपर्व

(स) भीष्मपर्व

(द) वनपर्व

96. महाकवि भास के किस नाटक में नान्दी की योजना नहीं है–

(अ) स्वप्नवासवदत्तम्

(ब) प्रतिज्ञा यौगन्धरायणम्

(स) उरुभङ्गम्

(द) पञ्चरात्रम्

97. नायिका तथा विदूषक से रहित नाटक है

(अ) उरुभङ्गम्

(ब) मृच्छकटिकम्

(स) मुद्राराक्षसम्

(द) मध्यमव्यायोगः

98. इन्द्र सूक्त के ऋषि हैं

(अ) विश्वामित्र

(ब) गृत्समद

(स) वामदेव

(द) संवनन

99. निम्न में अग्नि देवता का विशेषण नहीं है

(अ) पुरोहित

(ब) ऋत्विज

(स) होता

(द) उरुचक्षसम्

100. किस देव के गुप्तचर सभी ओर व्याप्त हैं?

(अ) वरुण

(ब) अग्नि

(स) संज्ञान

(द) क्षेत्रपति

रफ कार्य

AL